**S.D. SARVHITKARI VIDYA MANDIR**
**AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI** Senior Secondary
**TALWARA TOWNSHIP, Hsp. (Pb.)**
**32 years**
# सर्वहितकारी समाचार
**अप्रैल से जून 2016**
संकलन कर्ता : साहित्य परिषद्
e-mail : svmtalwara@yahoo.com
Pl. visit us : www.svmtalwara.org
Contact 01883-236298

## अन्तर्राष्ट्रीय रैडक्रॉस दिवस पर चार विषयों पर, चार स्थानों में निकाली रैली

** लोगों को किया जागरूक स्वयं लिए संकल्प*

** 665 विद्यार्थियों ने लिया भाग*

**7 मई 2016**

अन्तर्राष्ट्रीय रैड क्रॉस दिवस पर विद्यालय की रैड क्रॉस युनिट द्वारा रैड क्रॉस कन्वीनर अन्जु शर्मा, सह कन्वीनर चरणजीत कौर की देख रेख में रैलियों का आयोजन किया गया। जिसके तहत कमाही देवी में महन्त राजगिरि जी महाराज के आशीर्वाद से विद्यार्थियों ने रैली द्वारा '**नशा मुक्ति**' का सन्देश दिया। दातारपुर में गांव की सरपंच श्रीमती कुसुम, श्री राधेश्याम तथा रमेश शर्मा के सहयोग से विद्यार्थियों ने '**पर्यावरण संरक्षण**' विषय पर रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। हाजीपुर में '**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ**' विषय के अन्तर्गत छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगा कर रैली निकालते हुए लोगों को जागरुक किया। इस दौरान सरकारी हाई स्कूल हाजीपुर के हैडमास्टर श्री हरभजन सिंह ने छात्रों को विषय से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई। तलवाड़ा में **स्वच्छता** को लेकर निकाली गई रैली दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता का सन्देश देते हुए अन्तर्राष्ट्रीय रैड क्रॉस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। आचार्य/दीदियों में जनेश बाला, नीतिका शर्मा, कमलदीप कौर, कंचन चौधरी, नरिन्द्र गौतम, अशोक कुमार, अजय कुमार, अरविन्द कुमार आदि ने भी विद्यार्थियों के साथ रैलियों में भाग लिया।

## एनटीएसई परीक्षा में अंकित 13वें व विनायक 35वें स्थान पर रहा।

किसी भी परिणाम को हासिल करने के लिए परिश्रम, लग्न, व निष्ठा का होना अति आवश्यक है। नारायण छात्रवृति परीक्षा में विद्यालय से 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें 15 मेधावी छात्र चुने गए। विद्यालय से अंकित चौधरी ने 13वां स्थान तथा विनायक ने 35वां स्थान प्राप्त किया। इसके लिए दोनों छात्रों को 1500/-रु. व 200/- रु. का नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र तथा मैडल देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य देश राज शर्मा ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि मेहनती व्यक्ति ही उपलब्धियां हासिल करता है और सफलता भी उसके कदम चूमती है।

## चरित्र निर्माण व्यक्तित्व विकास कार्यशाला

* परिषद संयोजक, कक्षानायक, विषय प्रमुख हुए शामिल

* 377 विद्यार्थियों ने लिया भाग

* महावीर जयन्ती को समर्पित रहा कार्यक्रम

**13 अप्रैल 2016**

श्रेष्ठता का घमण्ड सफलता में बहुत बड़ी बाधा है। अपनी कमजोरी को जानना, कार्य के प्रति श्रद्धा अत्यधिक आस्था दूरदर्शिता, मन की एकाग्रता एवं पक्का विश्वास सफलता के सूत्र हैं। यह विचार प्राचार्य देशराज शर्मा ने कार्यशाला के उद्घाटन सत्र दौरान उपस्थित 377 विद्यार्थियों व आध्यापकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। महावीर जयंती को समर्पित कार्यशाला के दूसरे सत्र में छात्रों व अध्यापकों ने लोकतांत्रिक प्रणाली द्वारा सीखने-सिखाने की प्रक्रिया पर परस्पर सहयोग, अपने विषय में पूर्णता तथा प्रबंधन आदि पर चर्चा करके रिपोर्ट तैयार की। तीसरे सत्र दौरान प्रमुख छात्रों सोनाली, तरणजीत, ईशा, मंजू, आस्था, कोमल ठाकुर, मुस्कान, संचिका, काजल शर्मा तथा रितिक ने अपने - अपने विषय की रिपोर्ट सभी के समक्ष रखी। अध्यापकों में से नीतिका, श्वेता शर्मा, आशा ठाकुर, चरणजीत कौर और अरविन्द कुमार ने अपने-अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धन तथा लोकतन्त्र अध्ययन प्रणाली पर एक वीडियो क्लिप दिखाई गई। कार्यशाला संयोजिका इन्दु ठाकुर ने कहा कि कार्यशाला सफल रही, इसके आधार पर सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों को अपनी कार्य प्रणाली निश्चित करनी होगी।

## फोटोग्राफी में नैशनल विनर बने तपेश व अनीश

** दिल्ली रैडक्रॉस मुख्यालय में हुए सम्मानित*

**9 मई 2016**

कौशलता बालक की कुशलता प्रकट करती है। विद्यार्थी जीवन में पढ़ते- पढ़ते किसी भी कार्य में कुशलता प्राप्त करना ही शिक्षा का सही उद्देश्य है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया तपेश व ग्यारहवीं के अनीश ने। रैडक्रॉस कन्वीनर अन्जु शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय रैड क्रॉस दिवस को समर्पित '**प्रत्येक स्थान पर प्रत्येक विषय**' पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें दोनों विद्यार्थियों तपेश व अनीश ने भाग लिया था । राष्ट्रीय विजेता घोषित होने पर दोनों विद्यार्थियों को रैडक्रॉस भवन के मुख्यालय दिल्ली में सम्मानित किया गया।

## प्रबन्ध समिति सदस्य विद्यालय परिवार के समक्ष अपना उदाहरण प्रस्तुत करें

** सर्वहितकारी जिला समिति सम्मेलन*

शिक्षा एक पवित्र सेवा कार्य है। इसे लाभ व व्यवसाय की दृष्टि से सोचने वाले शिक्षा नहीं दे सकते, यह विचार विद्यालय में आयोजित जिला समिति सम्मेलन दौरान जयदेव वातिश, पूर्व उपनिदेशक मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार ने सर्वहितकारी जिला समितियों के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए प्रकट किए। श्री वातिश न कहा कि हम सभी को मिलकर ऐसी शिक्षा व्यवस्था को बनाने के प्रयास करने होंगे जो विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास को तय करे। प्रो. गुलशन कुमार ने कहा कि शिक्षा में अंकों का महत्व नहीं है बच्चों को विभिन्न गतिविधियों द्वारा स्किल विकसित करके ही सही ज्ञान दिया जा सकता है। विद्या भारती के विशाल लक्ष्य को प्रबन्ध समितियों के सदस्यों द्वारा विद्यालयों में पारिवारिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय भाव का निर्माण करवा कर लागू करने के लिए अपना उदाहरण प्रस्तुत करना होगा।

जिला होशियारपुर के 16 सर्वहितकारी स्कूलों से आए 192 प्रबंध समिति सदस्यों को सम्बोधित करते हुए प्रि. देशराज शर्मा ने कहा कि शिक्षा महंगी होती जा रही है अत: हमें अपने विद्यालयों में संसाधनों के विकास के लिए समाज से सहयोग लेना चाहिए। प्रत्येक सदस्य आपने दायित्व का निर्वाह करते हुए शिक्षा को चुनौती मान कर कार्य करे। प्रिं. शर्मा ने कहा कि हमें आने वाले 10 वर्षों की योजना तैयार करके प्रत्येक स्कूल को एक आदर्श विद्यालय बनाना है। सम्मेलन के समापन पर सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि हम शिक्षा को समाज व राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही नहीं, अपितु विश्व के नेतृत्व के लिए छात्रों का निर्माण करेंगे। संस्कारक्षम सुशिक्षा के लिए उचित वातावरण निर्माण करके बालकों के सर्व-पक्षीय विकास को व्यवहार में लाएंगे। होशियारपुर से संजीव सूद, तथा मुकेरियाँ से सेवानिवृत एस.ई. इंजि. कुलदीप राणा ने कहा कि सर्वहितकारी शिक्षा का ऐसा मंच है जहाँ प्रत्येक चुनौती का उत्तर है। अत: हमें आधुनिक संसाधनों का पूर्ण उपयोग करना चाहिए। सम्मेलन में संतोष शर्मा, बलदेव ठाकुर, प्रो. गुरचरण सिंह हरीष कुमार व शक्ति मेहता ने भी अपने विचार प्रकट किए।

## * संकल्प के रूप में मनाया पृथ्वी दिवस
## * परिचर्चा संगोष्ठी का आयोजन।
## * डॉ. सुरेश टंडन, वाईस चेयरमैन पी.एस.ई.बी. ने संगोष्ठी में लिया भाग

**22 अप्रैल 2016**

पर्यावरण संरक्षण से ही स्वास्थ्य प्रकृति और विश्व की रक्षा की कामना की जा सकती है। यह विचार विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम दौरान प्राचार्य देश राज शर्मा ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। विद्यालय के ईको क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारियों को प्रस्तुत किया। छात्र सक्षम व छात्रा साक्षी ने 'वृक्षधरा के भूषण हैं' कविता प्रस्तुत कर सभी उपस्थित विद्यार्थियों को पर्यावरण की सुरक्षा का सन्देश दिया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में पर्यावरण संरक्षण पर परिचर्चा संगोष्ठी रखी गई जिसमें विशेष रूप से पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के वाईस चेयरमैन डॉ. सुरेश टंडन पधारे। संगोष्ठी दौरान डॉ. सुरेश ने कहा कि अगर हमें पृथ्वी की चिन्ता करनी है तो सृष्टि के हर अंश की चिन्ता करनी होगी। प्रसिद्ध उद्योगपति सुखदेव मैनी का मानना था कि प्रत्येक व्यक्ति को देश का नागरिक होने के नाते उसे अपने देश की प्रत्येक वस्तु से प्रेम व लगाव होना चाहिए।

ईंजि. जसवीर बधन ने कहा कि व्यक्ति बड़े-बड़े कार्यों से महान नहीं बनता बल्कि छोटे-छोटे कार्यो से उसकी सफलता को मापा जा सकता है। प्रिं० सुनीता शर्मा का मानना था कि व्यक्ति प्रत्येक कार्य को यदि अपना कार्य समझ कर करे तो कहीं भी अव्यवस्था एवं गन्दगी नहीं रहेगी। तलवाड़ा नगर पंचायत प्रधान डॉ० ध्रुब सिंह ने सभी को अपने जन्म दिवस पर एक पौधा लगाने की अपील की। ईंजि. आर.के. डोगरा व प्रिं० अर्चना कुलश्रेष्ठ का विचार था कि पौधों को लगाना ही काफी नहीं है बल्कि उनकी सुरक्षा का जिम्मा भी हमें उठाना होगा। पत्रकार रमेश भारद्वाज व श्री गुरु रविदास मन्दिर के प्रधान युद्धवीर सिंह ने भारतीय संस्कारों की बात करते हुए कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें ऐसे विषय पढ़ाने चाहिए जिसमें वह पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव से मुक्त हो सकें। संगोष्ठी के अन्त में डॉ० सुरेश टंडन मे कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि मुझे ऐसे विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रमों में आने का अवसर मिलता है जो पूरी तरह देश की उन्नति व विकास के प्रति प्रयत्नशील हैं। इस अवसर पर सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु

## सदन व्यवस्था का गठन

**10 अप्रैल 2016**

विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन व जिम्मेवारी की भावना को विकसित करने हेतु विद्यालय में सदन व्यवस्था का गठन किया गया जिसमें शान्ति निकेतन, नालंदा, तथा तक्षशिला तीन सदनों के अधीन समस्त विद्यार्थियों को संचालन तथा विभिन्न कार्यों हेतु विद्यालय दायित्व दिए गए।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सैमीनार

** अच्छी सेहत जीवन का आधार*

**7 अप्रैल 2016**

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित आहार का सेवन बहुत जरुरी है। उक्त विचार विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रैडक्रास युनिट द्वारा आयोजित सैमीनार दौरान रैडक्रास कन्वीनर श्रीमती अन्जु शर्मा ने व्यक्त किए। विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी टिप्स देते हुए उन्होंने कहा कि संतुलित भोजन, स्वच्छता, व्यायाम व योग अच्छी सेहत की कुंजी है। श्रीमती अन्जु ने कहा कि वर्ल्ड हैल्थ क्लब आर्गेनाइजेशन द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य भविष्य को रोग मुक्त बनाने से है। वर्तमान में अनियमित और अनियंत्रित खान-पान, दूषित पानी, प्रदूषण और तनाव के कारण गैस, एसिडिटी की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। अगर हम अपने खान-पान पर ध्यान रखें तथा बाजारी वस्तुओं को खाने से पहले पूरी तरह जाँच लें तो इन समस्याओं से बचा जा सकता है। देश का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ हो यह तभी सम्भव है जब हम खुद जागरुक होकर दूसरों को जागरूक करेंगे, क्योंकि अच्छी सेहत ही स्वस्थ जीवन का आधार है।

## दो दिवसीय अभिभावक सम्मेलन
### * विद्यार्थियों के विकास पर हुई चर्चा
### * 6 भागों में 717 अभिभावक हुए शामिल

*12-13 अप्रैल 2016*

शिक्षा केवल सुविधाओं से नहीं बल्कि साधना से मिलती है यह विचार प्रिं० देशराज शर्मा ने अभिभावक सम्मेलन दौरान व्यक्त किए। विभाग अनुसार 6 भागों में आयोजित सम्मेलन दौरान श्री शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी को जीवन में सफल होने के लिए तीन बातों 'मेरी शक्ति', 'मेरी कमजोरी' तथा 'मेरी सम्भावनाएं' क्या हैं पर ध्यान देना होगा, तभी वह जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थी के पास बड़ी-बड़ी डिग्रियां तो हैं परन्तु उन्हें अपनी फील्ड का प्रयोगात्मक ज्ञान नहीं है। आने वाला समय सुनहरी है। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम अपने बच्चे को नौकरी के लिए बल्कि उसके गुणों के आधार पर शिक्षा दिलाएं। अभिभावकों में से श्रीमती अन्जू बाला, अल्का घई, सोनाली डढवाल, सीमा देवी ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि विद्यार्थी के गुणों को आधार बनाकर उसे सही मंच उपलब्ध करवाना जरूरी है। इसके लिए हमें अपने बच्चे के अन्दर छुपी प्रतिभा को जानना होगा तभी हम उसे सही दिशा दिखा सकते हैं। श्री मनोज कुमार, जतिन्द्र पाल, निशा शर्मा व दर्शना कुमारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सर्वहितकारी विद्यार्थियों के लिए आरम्भ से ही ऐसे मंच उपलब्ध करवाता रहा है जिसमें विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर आपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बच्चों की दिनचर्या, अपनी कमी को उसी दिन पूर्ण करना, धार्मिक, सामाजिक कार्यों में प्रतिभागी बनना, घर में अच्छा साहित्य पढ़ना आदि कार्यों के साथ सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) का साकारात्मक प्रयोग करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर ब्रह्मजीत सिंह, कै० अवतार सिंह, रेणुबाला, तृप्ता देवी आदि अभिभावकों ने भी चर्चा में भाग लेते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया
### * विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों ने मिलकर की योग क्रियाएं।

**21 जून 2016**

योग साधना भारत के इतिहास का अहम् अंग रही है। भारत को योग विद्या का जन्म दाता समझा जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालय की एन.एस.एस. युनिट व योग परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रम दौरान आचार्य धर्मभूषण की मधुर ध्वनी में विद्यार्थियों, अभिभावकों, अध्यापकों व प्रबन्ध समिति सदस्यों ने मिलकर योग आसन किए। कार्यक्रम उपरान्त प्राचार्य देशराज शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि योग भारत की विश्व को अनमोल देन है। योग एक संजीवनी है जिससे हम रोगों से मुक्त रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमन्त्री के प्रयास से आज पूरे विश्व में लोग योग के महत्त्व को जान चुके हैं। योग हमारी संस्कृति की प्राचीनतम पहचान है।

## अन्तर्राष्ट्रीय सीमा सर्वेक्षण एवं दर्शन कार्यक्रम
### * अभिभावक, अध्यापक, प्रबन्ध समिति सदस्यों सहित विद्यार्थियों के 15 सदस्यों को चीफ ईंजि. ने दी हरी झण्डी

**21 से 23 मई 2016**

यदि देश की सीमाएं सुरक्षित हैं तो हम सभी सुरक्षित रह सकते हैं इसी के अन्तर्गत सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब द्वारा तीन दिवसीय सीमा दर्शन व सर्वेक्षण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वहितकारी विद्यामन्दिर तारागढ़ (पठानकोट) बेस कैम्प में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन पठानकोट के एस.डी.एम. श्री अमित महाजन, विद्या भारती के राष्ट्रीय मन्त्री श्री ललित विहारी गोस्वामी, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्रीय संयोजक प्रिं. देशराज शर्मा द्वारा किया गया।, उन्होंने विभिन्न स्थानों से आए 163 विद्यार्थियों, अभिभावकों, प्राचार्यों, प्रबन्ध समिति सदस्यों व पूर्व छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि सर्वहितकारी द्वारा ऐसे राष्ट्रीयता से जुड़े कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, जो शिक्षा के साथ साथ हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। कार्यक्रम दौरान सीमा से जुड़े 35 गांव में 35 सर्वेक्षण टोलियां बनाई गई जिन्हें पठानकोट के डिप्टी कमिश्नर श्री अमित कुमार ने हरी झण्डी दे कर विदा किया। कार्यक्रम के समापन समारोह दौरान विद्याभारती के संगठन मन्त्री माननीय हेम चन्द्र उपस्थित रहे। इस से पूर्व विद्यालय तलवाड़ा से अध्यापक नरेन्द्र गौतम, प्रबन्ध समिति सदस्य दलजीत सिंह, अभिभावक दीपक कुमार, संस्कार केन्द्र प्रमुख ऋचा शर्मा व 10 छात्रों सहित 15 सदस्यों की टीम को तलवाड़ा से, बी.बी.एम.बी. के चीफ इंजि. डी. आर.मीणा,एस.एच.ओ. मलकीयत सिंह, ए.एस.आई. हरविन्द्र सिंह, प्राचार्य देश राज शर्मा व प्रबन्ध समिति सदस्यों ने हरी झण्डी देकर रवाना किया।

## राज्यपाल सोलंकी ने चण्डीगढ़ में किया प्रिं० देशराज शर्मा को सम्मानित

14 जून 2016

शिक्षा, सेवा, संस्कार की त्रिवेणी विद्यार्थी रूपी मानव को मानवता की ओर ले जाती है। एस.डी. सर्वहितकारी विद्या मन्दिर तलवाड़ा 31 वर्षों से इसी साधना में अपने क्षेत्र के विद्यार्थियों की प्रतिभा को विकसित करता आ रहा है। शिक्षा के इसी स्वरूप का परिणाम है कि आज इस विद्यालय के छात्र भिन्न भिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व कर रहे हैं। जूनियर रैड क्रॉस मॉडल स्कूल के माध्यम से विद्यार्थी स्वास्थ्य, रक्षा, सेवा कार्य, पर्यावरण सम्भाल आदि अनेकों कार्यक्रमों से जहाँ स्वयं संस्कारित हो कर अपने व्यक्तित्व को निखार रहे हैं वहीं समाज को भी जागरूक कर रहे हैं। रैडक्रॉस के प्रति विद्यालय की विशेष सेवाओं के लिए भारतीय रैड क्रॉस सोसायटी पंजाब की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में प्रिंसीपल देशराज शर्मा को महामहिम राज्यपाल प्रो० कप्तान सिंह सोलंकी के करकमलों द्वारा सम्मानित किया गया। महात्मा गाँधी स्टेट ईंस्टिट्यूट आफ़ पब्लिक एड्मिन्स्ट्रेशन चण्डीगढ़में आयोजित भव्य कार्यक्रम में विद्यालय द्वारा आयोजित भिन्न-भिन्न गतिविधियों में सर्वहितकारी तलवाड़ा को पंजाब का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय घोषित किया गया। भाई कन्हैया दिवस, मौसमी बीमारियों से बचाव, प्रारंभिक चिकित्सा एवं होम नर्सिंग, आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण, विद्यार्थियों की मैडिकल जाँच, रैडक्रॉस सहायतार्थ राशि, पौधारोपण, ऊर्जा संरक्षण पॉलिथीन का उपयोग न करना, रोगियों की सहायता करना आदि अनेकों प्रकल्प विद्यालय की शिक्षा के अन्तर्गत आते हैं। समारोह में पंजाब के कई जिलों के डिप्टी कमिश्नर, एस.एस.पी, समाजसेवी तथा रैडक्रॉस के अधिकारी शामिल थे।

## जलता दीपक ही दूसरों को देता है प्रकाश

*** 15 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग जालन्धर में हुआ सम्पन्न**

1 से 15 जून 2016

सीखने-सिखाने की प्रक्रिया निरन्तर है। विद्या भारती द्वारा समय समय पर प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन शिक्षकों को अपने कार्यों में निपुण बनाने के उद्देश्य से किया जाता है। इसी के अन्तर्गत प्रकाशवती विद्या मन्दिर जालन्धर में विषय आधारित सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग लगाया गया जिसमें दीदी रेणुका ने इस वर्ग में रहकर अपने विषय से सम्बन्धित पढ़ाने की कलाओं की जानकारी ली।

विद्या भारती शिक्षा योजना को समझने तथा सिखाने की कौशलताओं में निपुणता लाने के लिए 15 दिवसीय आधार वर्ग जालन्धर के केशव विद्या मन्दिर में सम्पन्न हुआ जिसमें दीदी पूनम ने इस शिविर में रहकर संस्था के लक्ष्य को जाना व समझा।

## आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

*** अध्यापकों ने अंग्रेजी सम्भाषण व कम्पयूटर-इन्टरनेट को प्रभावी बनाने हेतु लिए टिप्स**

*28 से 30 मई 2016*

बदलते परिवेश में शिक्षा क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना सफलता पूर्वक करते हुए प्रत्येक आचार्य अपने बालकों को विकास की चरम सीमा तक पहुँचाकर देश का सच्चा नागरिक बनाने में सक्षम हो इस लिए विद्याभारती के द्वारा समय समय पर आचार्यों के विकास के लिए प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया जाता है। ऐसा ही एक प्रशिक्षण वर्ग संकुल अनुसार सर्वहितकारी विद्या मन्दिर अमरोह में आयोजित किया गया जिस में सात स्कूलों के 105 आचार्य-दीदियों ने भाग लिया। तीन दिवसीय इस शिविर में विषय विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों के आधार पर शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों का हल सकारात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थी तनाव के वातावरण में भी अपने आपको शांत और एकाग्र रख सके इसलिए प्रात: काल की बंदना का उच्चारण शुद्ध और लयमयी होना चाहिए। डॉ. प्रित पाल लांबा ने योग आसनों द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए। विद्यार्थी मातृ भाषा के माध्यम से समझ कर और व्यवहारिक ढंग से ज्ञान ग्रहण करे इस के लिए आचार्य धर्मभूषण और अरविन्द जी ने विशेष युक्तियों का उल्लेख किया। विद्यार्थी के लिए संस्कारक्षम वातावरण और प्रत्येक विषय को आसान और सरल बनाने के लिए प्रयोग, मनोरंजक होने वाले दृश्य-श्रव्य सामग्री का उचित और आवश्यक्ता अनुसार प्रयोग, विषय को शशि और मोनिका जी ने श्रोताओं के सामने रखते हुए यह सिद्ध किया कि हम सभी बालकों के विकास के लिए कार्यशील हैं और हम तभी सफल होंगे जब हम चेतन होकर इन समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे।

## नैशनल डी वार्मिंग-डे पर विद्यार्थियों को एल्बैंडाबेल की गोलियां दी।

**** दांतों का हुआ नि:शुल्क चैकअप***

29 अप्रैल 2016

आज आधुनिक युग में प्रत्येक व्यक्ति प्रफैक्ट दिखना चाहता है। लेकिन हमारे खान-पान के कारण हम बहुत सी बीमारियों को न्योता दे देते हैं। इस उपलक्ष्य में विद्यालय की रैडक्रॉस युनिट द्वारा 'नैशनल-डी वार्मिग डे' मनाया गया। इस दौरान रैड क्रास कन्वीनर श्रीमती अँजू शर्मा तथा सह कन्वीनर चरणजीत कौर की देखरेख में रैडक्रास वालंटियरों द्वारा स्कूल विद्यार्थियों को पेट के कीड़ों की दवाई दी गई। कार्यक्रम के दूसरे पड़ाव में छठी से बारहवीं तक बच्चों के दांतों की नि:शुल्क जाँच की गई। जिसमें मुकेरियां से डॉ. शिप्रा शर्मा, पठानकोट से डॉ. बृज भूषण तथा काहनुवान से डॉ. जयदीप द्वारा बच्चों की जांच के साथ-साथ उन्हें इनकी सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया।

## *Biological Excursion Organised*

**** College of Horticulture & Forestry Hamirpur Visited***

**** 26 Students participated***

***9th May 2016***

Excursions and Tours play a vital and an important role in the life of a student. These give him exposure and a golden opportunity to have first hand experience and add extra knowledge to the 'store house' of his intellect. To achieve this objective 26 students of medical stream of +1 and +2 class organised an excursion to Govt. College Hamirpur, College of Horticulture and Forestry, and a Herbal Garden on 9th May 2016 under the leadership of Shivani Sharma Lecturer Biology. The contingent was accorded a warm welcome by Faculty of G.C. Hamirpur. They allowed them a round of their vast well furnished library having an 'Open Shelf System'. It was really a wonderful library having calm and serene atmosphere. Then the group visited their Science Labs. Where Dr. Agnihotri and Dr. Kaundal escorted them and gave detailed information about the Labs. The students got a chance to observe several specimens of Plants and Animals and working of variety of machines, instruments and devices.

Next visit was to the Herbal Garden where there was a diverse variety of well groomed plants. After that the group visited College of Horticulture and Forestry. The students visited Labs of Department of Biotechnology and Environment Science. On way back Group visited Kaleshwar Temple to pay their obeisance. There was an atmosphere of calmness peace and serenity. Every body enjoyed the excursion. It was a great learning experience having an ever lsting impression.

## *Subject wise Achivements of +2 Stars CBSE Exam.*

| | | |
|---|---|---|
| Bharti Pathak | Phy. Edu. 96% | Accountancy 95% |
| Ritika | Eco. 97 % | Accountancy 95% |
| Jatin Madaan | Eco. 95 % | Accountancy 95% |
| Sudhanshu | Eco. 94 % | Accountancy 95% |
| Sunidhi | Eco. 92 % | Accountancy 92% |
| Nikhil Bhardwaj | Eco. 95% | Phy.Edu.93% |
| Ankit | Pol. Sc. 95 % | |
| Deepshikha | Maths 95% | |
| Priya Darshni | Maths 95% | Eng. 93% |
| Arzoo Sharma | Physics 91% | |
| Shubham | Maths 95% | Chem. 95% |

## SAMKALP Organised Personality Development Camp

**** 87 Students participated***

**** Inspire programme for Administrative Services at Manali (H.P.)***

***4th - 11th June 2016***

Who soever is delighted in solitude is either a wild beast or a saint, but he cannot be a saint because character and personality (traits of saints) are meaningless terms away from the society. A person must have bold and brave; sincere and sensible, honest and honourable personality worth a human being - a successful leader as well. With this objective in view a Personality Development Camp was organised by SAMKALP at Manali in the Smt. Anila Mahajan SarswatiVidya Mandir Complex Rangari (H.P.) from 4th June to 11th June 2016 in which total 87 students participated from Delhi, Gujarat, Aligarh, MP Mathura and Punjab. Four students (Shabnam & Anamika +2m Paras & Aastha X) from SDSVM Talwara registered their presence along with Smt. Kanchan Choudhary.

Distinguished experts delivered motivational lecturers to ignitic the spark of hidden talent among students so that they may be able to lead a successful life and contribute towards the progress of their motherland. The speaker mainly focussed on ; How to deliver an extempore speech right out of their cuff. To have courage to speak create and take quick decisions on the spur of moment.

* Yoga Class : By Juhi Chauhan from Delhi
* Akhand Bharat-a concept by Sh. Ram Dutt.
* How to prepare for Civil Services Examination - By Mr. Gautam Mahakul (Civil Services Delhi)

  He laid emphasis on the reading of NCERT Books for all subjects.
* Grab the first opportunity by Sh. Keshav Ji
* Motivation and Power of thoughts by Retd. Major General (Air Force) Sh. P.K. Sehgal, presently a member of Project Assessment for Funding Countries under UNESCO.

  During this camp students also conducted a survey of Gandheri, Simisa, Rangeri satellite villages of Manali to have a first hand experience and knowledge of their socioeconomic status, political system & family bonding beside this they visited and paid their obeisance at Hadimba Temple and Rishi Vashishtha Temple.

Allen Duhangan Power Plant located under a huge mountain was another place they visited. To reach there they had to crose a 800 m long tunnel. It was a moment of joys and jubilations and a wonderful experience of Masti.

The camp came to an end with closing ceremony on June 11, 2016 which was attended by all the organisms namely Sh. Rajesh Jain, Varun Ji, Sh, Ram Datt Sharma (Adhyaksh), Sh. Yoginder Pal Singh, Santosh Janeja (Founder SANKALP), Radhey Shyam Gupta and Sh. Rakesh Garg (Sankalp Mantri). It was a rewarding and memorable experience and student enjoyed it. It certainly polished and refined their personality.

## *Dr. Bhim Rao Ambedkar Jayanti Celebrated*

**** Vaisakhi - A Symbol of Religious & Historic Event***

***12th April 2016***

Punjab is a birth place of large number of Gurus, Peers, Prophets, Martyrs and Warriors. Here almost every date and day is celebrated as a festival. Vaisakhi is one such festival which is intimately connected to the life of a Punjabi farmer and is a symbol of religious and historic emotions and sentiments. On this occasion a program was organised by the Literary club of the Vidya Mandir. Priya (X-A) student convenor of the club while narrating the religious and social significance of Vaisakhi told that after harvesting and storing wheat yield Farmers & Punjabis participate in this festival of Vaisakhi enthusiastically. Pragati (X-C) while highlighting the historic aspect of Vaisakhi told that on 13th April 1699 Guru Gobind Singh Ji created "Khalsa Panth" and infused a new Spirit in Public to fight oppression and terror of Muslim Rulers and to live a life of self respect and honour and not to subjugate and submit to the terror or trouble makers. Guru Ji exhorted his followers, first deal peacefully but when all means to reform a wrong doer fail then raising of Sword is pious and justified. Karan Sachdeva (X-B) while focusing on the life of DR. Bhim Rao Ambedkar said that he was not only the authors of our constitution but also a true patriot. He is beacon of light to a all Indians and we are proud of this great son of Mother India.

## *12 Pb. Batalion organised NCC Camp*

**** 23 Cadets Joined in ATC Camp***

**** 09 Participated in shooting camp***

**** Ankita won Gold in shooting, 4 selected for Group Division***

12 Punjab Batalion organised NCC Camp at Ropar on dated 13th June to 22nd June in which 23 cadets from this Vidya Mandir participated. Nine Cadets took part in shooting training camp. Ankita won Gold Medal in shooting. Four students namely Sahil, Ankita, Vasudha have been selected for Group Division camp to be held at Jalandhar.

## Taranjit Kaur Elected Leader of House

**** Students' Parliament Election 2016-17***

****Platform to aware the students of Democratic System***

***4th May, 2016***

In order to give an exposure and Experience to the students about the Election process and with an objective of incorporating their innovative ideas and suggestions in the working system of this institution Election to Students' Parliament 2016-17 was held on 4th May 2016. Peaceful and smooth polling was carried out from 8.40 AM to 10-40 AM under the security umbrella provided by the N.C.C. Wing. Earlier student volunteers were given Three Days Training for the systematic execution of election, counting of votes and filling of various performas and Result annexures. They did the job nicely up to the satisfaction of the contesting candidates. Twenty Eight candidates filed their nominations from nine constituencies allotted by draw of lots. Each constituency consisted of 2-3 sections from 6th to 12th class having 85-91 voters on its electoral Role. Candidates campaigned in their respective constituencies and in the morning assembly for three days. They were given 5-7 minutes to 'speak out' their election manifesto in the Assembly. It was heartening to listen to the budding politician. In their speech they did not resort to mud slinging or Character assassination as politician do.

764 student-voters exercised their right to franchise. Printed ballot papers with symbols, voting compartments, Stamping, proper folding of Ballot papers, Ballot Boxes were new things for the students of VI class as they voted for the first time.

Counting of votes was done on the same day in the second half under the watchful eyes of the Election Commission in the presence of Candidates. Result was declared on 5th May 2016 in the morning assembly.

Elected candidates are Ritik Bhardwaj(+1B) Nitya (VII-A), Girish Dadhwal (X-B) Vinayak Sharma (VI-A), Taranjeet Kaur (X-C), Saru, (X-A), Gorang (VI-A),Sahil (+1A) and Summer (VII-C).

They were honoured and blessed by the Principal Desh Raj Sharma. The Oath-ceremony of the elected candidates was held on 9th May in the presence of an impressive gathering of Parents and special invitees. Taranjit Kaur has been elected as a Prime Minister. She has announced portfolia among the ministers.

# Handwriting Competition

**** Handwriting reflects personality***

**** 224 students participated***

***20th April 2016***

Normal and Natural style of some ones writing is called handwriting. But when handwriting approaches a specific artistic style then it is called calligraphy. Calligraphy requires a conscious and deliberate effort. One's handwriting reflects various aspects of one's personality and character. Good and beautiful handwriting is manifestation of sincere, dedicated, devoted and disciplined personality, thar executes assigned task nicely and faithfully and earns every body's appreciation. Hence to motivate the students to learn various elements of good handwriting a competition of Handwriting in all the three languages i.e. Hindi, Punjabi and English was organised on April 20, 2016. It was conducted at various levels i.e. section wise, class wise and department wise. 224 students from different departments, participated with full zeal and zest. Department wise/Language wise result is as follow.

**Lower Primary** (60 students participated)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Hindi** | Vansh | (II-A) | First |
| | Niharika | (I-B) | Second |
| | Shagun Pari | (II-B) | Third |
| | Dipti | (II-A) | Third |
| **Punjabi** | Simran | (II-A) | First |
| | Ritish | (II-A) | Second |
| | Siyal | (I-B) | Third |
| | Simran | (II-B) | Third |
| **English** | Kanya | (II-A) | First |
| | Kanika | (II-A) | Second |
| | Shaina | (I-A) | Third |

**Upper Primary** (54 students participated)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Hindi** | Anamika | (V-B) | First |
| | Rupan | (V-B) | Second |
| | Mehak | (V-A) | Third |
| **Punjabi** | Rashika | (V-C) | First |
| | Aditya | (V-B) | Second |
| | Ashima | (IV-C) | Third |
| **English** | Himanshu | (V-B) | First |
| | Sonali | (V-A) | Second |
| | Aastha | (V-A) | Third |

**Middle Deptt.** (54 students participated)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Hindi** | Pooja | (VI-A) | First |
| | Nupur | (VIII-B) | Second |
| | Simran | (VI-B) | Third |
| | Vinayak | (VI-A) | Third |
| **Punjabi** | Megha | (VIII-A) | First |
| | Simran | (VII-A) | Second |
| | Nitika | (I) | Third |
| **English** | Palak Pathania | (VIII-A) | First |
| | Priya | (VI-A) | Second |
| | Tanvir | (VII-C) | Third |

**Sr. Secondary** (56 students participated)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Hindi (A)** | Diksha | (XI-B) | First |
| | Amita | (XII-B) | Second |
| | Priya | (XII-A) | Third |
| **Hindi (B) High** | | | |
| | Venus | (IX-B) | First |
| | Priya | (X-A) | Second |
| | Bharti | (IX-C) | Third |
| **Punjabi** | Simran | (X-C) | First |
| | Kusum Gaura | (XI-A) | Second |
| | Esha | (X-A) | Third |
| | Ujjwal | (IX-C) | Third |
| **English** | Anshika | (IX-C) | First |
| | Kajal | (X-A) | Second |
| | Mehma | (XI-A) | Third |

# Uniform Competition Conducted

***11th April 2016***

A proper and specified uniform of an institution develops self confidence, gives a unique identity and symbolises a specific culture and infuses a high level of thinking. It plays a vital role in the life of a students. With this objective in view a department wise uniform competition was conducted on 11th April 2016. The results are as follow :

**Shishu Vatika :**

Pryanjali (KG-B) & Avni (KG-A); Shreya (Nur.-A) & Suryansh (KG-C) and Parth (KG-A) & Avni (KG-B) won first, second and third positions respectively.

**Lower Primary :**

Sanjeev (II-B); Divyansh ((I-B) & Simran (II-B); Priyag (II-B) and Ritesh (I-A) stood first, second and third respectively.

**Upper Primary :**

Narinder (IV-A); Komal (IV-B), Kashish (III-A) & Gauri Nath (III-A) bagged first, second and third positions respectively.

**Middle Deptt. :**

Gorang (VI-A) & Riya (VI-B); Simran (VI-B) and Ankitesh (VII-B); Arunima were adjudged as first, second and third respectively.

**Secondary Deptt. :**

Ujjwal Sharma (IX-C), Taranjit Kaur (X-C) & Saru (X-A) and Aastha (X-A) were declared as first, second and third respectively.

Sr. Sec. Deptt.

Sahil (XI-A), Kajal (XI-B) and Jasmin (XI-B) stood first, second and Third respectively.

# Classwise Poem Recitation Competition

**** 25 Students participated in the Final***

***11th May 2016***

Poetry is one of the many forms of literature. Different poets defined it differently. Nature Poets Words-worth defined it as a "spontaneous over flow of emotions like a fountain".

Amrita Pritam says, "Poetry is not only born out of beautiful vision alone it is often the result of haunting human desires that cause more pain than physical wounds. Poetry is a matter of 'heart' rather than of 'head' No doubt it emanates from the heart but 'head' is used to 'polish' and 'refine' it. It is not every body's Cup of Tea. It has four basic features, Rhythm, Rhyme, Imaginative flight and imagery. To give peep into this literary art a poem recitation competition was organised on 11th May 2016 in the auditorium. 25 students (Punjabi 8, Hindi 9, English 8) participated in the final. It was a 'tough' and 'neck to neck race'. The Result is as follow :

***Punjabi :-***

Pragati (X-C); Ritik Bhardwaj (+1-B) and Chandna (X-A) & Aastha (X-A) stood first, second and third respectively.

***Hindi :-***

Priya (X-A) and Akshita (IX-C); Ujjwal (IX-C); and Jyotika were declared first, second and third respectively.

***English :-***

Shabnam (+2A); Bharti and Anshika (IX-C) and Parcheta (IX-B) won first, second and third position respectively.

# Extra/Remedical Class Taken

**** 10th to 12th***

***20th June to 2nd July 2016***

Consistent and persistent; regular and rigorous endeavour and effort is needed for achieving perfection in any activity and for that matter in teaching and learning process. Rest is rust. Continuous efforts lead to better understanding of basics and fundaments. with this objective in view Extra/Remendial classes of X, XI and XII were taken during summer vacations from 20th June to 2nd July to make teaching-learning interesting, for better understanding of the basics and removal of doubts in a free and frank environment. Student gained a lot and appreciated the practice of these remedial classes.

